# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ..........हरि भूमि..........
दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 2-8

### केंद्रीय मंत्री ने किया हकृवि की परियोजनाओं का दौरा

# हकृवि किसानों की आय बढ़ाने के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अग्रसर : गिरिराज सिंह

- एग्रोवेस्ट बायोगैस प्लांट, सोलर ग्रीन पॉलीहाउस एचएयू मार्ट व एग्रीबिजनेस सेंटर का किया निरीक्षण
- कुलपति बोले, बेसहारा पशुओं के गोबर और मूत्र को भी लाया जाएगा इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। परियोजना का दौरा करते पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह। फोटो : हरिभूमि

पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह और राज्यमंत्री डॉ. संजीव बाल्यान ने हकृवि में चल रही विभिन्न परियोजनाओं का दौरा किया। जिनमें प्रमुख हैं : एग्रोवेस्ट बॉयोगैस प्लांट, सोलर ग्रीन पॉलीहाउस, दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र एचएयू मार्ट, किसानों के लिए एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सैंटर व जैविक बाग में पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि विवि ने केवल किसानों की आय बढ़ाने के लिए अग्रसर है, अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने व किसान के हर प्रकार के फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन के लिए काम कर रहा है। पशुपालन, डेयरी और मत्सय पालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान ने कहा कि अब विश्वविद्यालय सही मायने में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बन चुका है।

## एग्रोवेस्ट बॉयोगैस प्लांट

हकृवि के एग्रोवेस्ट बॉयोगैस प्लांट की सराहना की जिसमें गोबर के साथ-साथ पराली, गेहूं के फाने, कपास की लकड़ियां, बॉयो या डेयरी वेस्ट, पिगरी और पोल्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों और सूखे पत्तों से सीएनजी बॉयोगैस बनेगी। इससे ट्रैक्टर और गाड़ियों में ईंधन के तौर पर प्रयोग किया जाएगा। इस प्लांट के लिए किसान खराब वेजिटेबल, वेस्ट, खराब अनाज, ओले गिरने के बाद खराब हुई फसल जो बिकती नहीं, उन सभी को बेच पाएगा।

कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह का कहना है कि यहां आवारा पशुओं के गोबर और मूत्र को भी इसमें इस्तेमाल लाया जाएगा। बाकायदा उच्च क्वालिटी की खाद मिलेगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस तकनीक को पेटेंट करवाने के लिए भेजा है।

## सोलर ग्रीन पॉलीहाउस

उन्होंने बताया कि इस तकनीक में ऐसे सोलर ग्रीन पॉलीहाउस बनाए जा रहे है, जो पौधे तो उगाने में इस्तेमाल होंगे ही साथ ही सौर उर्जा के जरिए बिजली उत्पादन भी करेंगे।

प्रोजेक्ट के बारे में कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने बताया कि स्पेशल टफन ग्लॉस में बिजली हार्वेस्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि तकनीक ऐसी है कि छोटा किसान भी इससे बिजली उत्पादित कर फसल के साथ-साथ बिजली बेच कर आमदनी कर पाएगा।

## जैविक उत्कृष्ट केंद्र

दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र 150 एकड़ और अपनी तरह का देश में पहला जैविक उत्कृष्ट केन्द्र है।

केंद्रीय मंत्री ने उप-सतही जल निकासी प्रणाली, स्वचालित सूक्ष्म सिंचाई, एचडीपीई तालाब और झील अस्तर, सौर पंपिंग प्रणाली आदि जैसे विभिन्न विकास गतिविधियों की सराहना की। मंत्रियों द्वारा जैविक बाग में जैविक फलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर विभिन्न फलों के पौधे रोपण का उद्घाटन किया गया। जिसके तहत विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में 1000 से अधिक फलदार पौधे लगाए गए।

## एचएयू मार्ट

हकृवि एचएयू मार्ट में भी दौरा किया जहां कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, [illegible] स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकते हैं। इनके अतिरिक्त ऑर्नामेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद, कंपोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध है।

## एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सैंटर

इन्क्यूबेशन सैंटर एक ऐसा मंच है जहां किसान कृषि क्षेत्र में काम करने वाले उद्यमी शोधार्थी एवं प्रशिक्षु अपने कौशल का विकास कर सकेंगे और कृषि एवं इससे संबंधित क्षेत्रों में अपने अनुभवों को सांझा कर सकेंगे। इससे जुड़कर युवा कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों में अपना व्यवसाय शुरू कर सकता है। इस इन्क्यूबेशन सैंटर में इन्क्यूबेटी को बैठने के लिए कैबिन और व्यवसाय से संबंधित मीटिंग करने के लिए कोंफ्रेंस हॉल की सुविधा दी जाएगी। इन्क्यूबेटी हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की कार्यशालाओं का भी प्रयोग कर सकता है। वह हकृवि के मेले व प्रतियोगिताओं में अपने उत्पाद का प्रचार, प्रसार और बेचने

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......
दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. 18 कॉलम 3-6

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, संजीव बाल्यान ने कृषि विश्वविद्यालय के प्रोजेक्टों को जाना

## विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे राज्य मंत्री बाल्यान ने शुरू हुए नए कार्यों की प्रशंसा की

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह और पशुपालन, डेयरी व मत्सय पालन राज्य मंत्री डा. संजीव बाल्यान ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न परियोजनाओं एग्रोवेस्ट बॉयोगैस प्लांट, सोलर ग्रीन पॉलीहाउस, दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केंद्र एचएयू मार्ट, किसानों के लिए एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर व जैविक बाग में पौधारोपण भी किया।

इस मौके पर पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह ने विश्वविद्यालय के कार्यों की सराहना की व कहा कि विश्वविद्यालय सही मायनों में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिखाए गए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय न केवल किसानों की आय बढ़ाने के लिए अग्रसर है, अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने व किसान के हर प्रकार के फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन के लिए काम कर रहा है।



कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह, पशुपालन डेयरी और मत्स्य पालन राज्य मंत्री डा. संजीव बाल्यान और कुलपति प्रो. केपी सिंह विश्वविद्यालय का दौरा करते हुए। • जागरण

### वीसी ने दी जानकारी

इस तकनीक में ऐसे सोलर ग्रीन पॉलीहाउस बनाए जा रहे है, जो पौधे तो उगाने में इस्तेमाल होंगे ही साथ ही सौर उर्जा के जरिए बिजली उत्पादन भी करेंगे। प्रोजेक्ट के बारे में वीसी केपी सिंह ने बताया कि स्पेशल टफन ग्लॉस में बिजली हार्वेस्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि तकनीक ऐसी है कि छोटा किसान भी इससे बिजली उत्पादित कर फसल के साथ-साथ बिजली बेच कर आमदनी कर पाएगा।

### जैविक बाग में किया पौधारोपण

उन्होंने करीब 150 एकड़ और अपनी तरह का देश में पहला जैविक उत्कृष्ट केन्द्र का दौरा किया और उप-सतही जल निकासी प्रणाली, स्वचालित सूक्ष्म सिंचाई, एचडीपीई तालाब और झील अस्तर, सौर पंपिंग प्रणाली आदि जैसे विभिन्न विकास गतिविधियों की सराहना की। माननीय मंत्रियों द्वारा जैविक बाग में जैविक फलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर विभिन्न फलों के पौधे रोपण का उद्घाटन किया गया, जिसके तहत विश्वविद्यालय के अधिकारियों की मौजूदगी में 1000 से अधिक फलदार पौधे लगाए गए।

### एचएयू मार्ट का भी किया निरीक्षण

मंत्रियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एचएयू मार्ट में भी दौरा किया जहां कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकते हैं। इनके अतिरिक्त ऑर्नमेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद/कम्पोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध है।

**एग्रोवेस्ट बॉयोगैस प्लांट :** पशुपालन, डेयरी और मत्सय पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश के पहले अनोखे एग्रोवेस्ट बॉयोगैस प्लांट की सराहना की जिसमें गोबर के साथ-साथ पराली, गेहूं के फाने, कपास की लकड़ियां, बॉयो या डेयरी वेस्ट, पिगरी और पोल्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों और सूखे पत्तों से सीएनजी बॉयोगैस बनेगी। इसस ट्रैक्टर और गाड़ियां में ईंधन के तौर पर प्रयोग किया जाएगा। इस प्लांट के लिए किसान खराब वेजिटेबल, वेस्ट, खराब अनाज, ओले गिरने के बाद खराब हुई फसल जो बिकती नहीं, उन सभी को बेच पाएगा।

वीसी केपी सिंह का कहना है कि यहां बेसहारा शुओं के गोबर और मूत्र को भी इसमें इस्तेमाल लाया जाएगा। बाकायदा उच्च क्वालिटी की खाद मिलेगी। साथ ही जिन किसानों के पास बिना दूध देने वाले पशु है, उन्हें भी कुछ राशि मिल जाया करेगी। एक तरह से कचरे का निस्तारीकरण भी इस प्लांट से हो जाया करेगा।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार**

**लोक संपर्क कार्यालय**

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक ..17.8.2019.. पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-7....

**निरीक्षण** • पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन केंद्रीय केबिनेट मंत्री और राज्यमंत्री मंत्री ने एचएयू और लुवास में विभिन्न परियोजनाओं को देखा

# गिरिराज ने कहा, एचएयू किसानों की आय बढ़ाने को अग्रसर

# राज्य मंत्री बाल्यान बोले-यहां बार-बार आने को कर रहा मन

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय न केवल किसानों की आय बढ़ाने के लिए अग्रसर है, अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने व किसान के हर प्रकार के फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन का काम कर रहा है। यह बात पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन केंद्रीय केबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को एचएयू में विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण करते हुए कही। उनके साथ पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान भी थे। विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह की अगुवाई में केंद्रीय मंत्रियों ने एग्रोवेस्ट बायोगैस प्लांट, सोलर ग्रीन पॉलीहाउस, दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र एचएयू मार्ट, किसानों के लिए एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का निरीक्षण किया और जैविक बाग में पौधारोपण किया। गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों के लिए जो योजनाएं चाहते थे, उसे यहां के दोनों विवि पूरी कर रहे हैं।

पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्य मंत्री और एचएयू के पूर्व छात्र रहे डॉ. संजीव बाल्यान कहा कि अब विश्वविद्यालय सही मायने में अंतरराष्ट्रीय स्तर का बन चुका है। विश्वविद्यालय की तरक्की को देखते हुए यहां बार-बार आने का मन करता है। दोनों मंत्रियों ने एग्रोवेस्ट बायोगैस प्लांट, सोलर ग्रीन पॉलीहाउस और दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र व जैविक बाग का दौरा कर बारीकी से जानकारी ली। बाद में पौधारोपण का उद्घाटन भी किया। मंत्रियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एचएयू मार्ट में भी दौरा किया जहां कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं।



केंद्रीय भेड़ फार्म का दौरा करते मंत्री गिरिराज सिंह व राज्यमंत्री डॉ. संजीव बाल्यान।

### एचएयू की विदेशी छात्राओं ने मंत्रियों और कुलपति को बांधी राखी

हिसार | एचएयू में विदेशी छात्राओं ने केंद्रीय केबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह, राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह को राखी बांधकर रक्षाबंधन दिवस मनाया। प्रो. सिंह ने बताया कि एचएयू अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने की ओर अग्रसर है। यहां पर अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बोत्सवाना, लाइबेरिया, तनजानिया, मारीशस, नेपाल, वियतनाम, ताजकिस्तान, सोमालिया, नाइजीरिया, भूटान, सूडान, फिजी, मंगोलिया, इथोपिया, मोजाम्बिक समेत 21 देशों के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........पंजाब केसरी........
दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....1-5....

# केंद्रीय मंत्रियों ने किया हकृवि का दौरा

हिसार, 16 अगस्त (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह और पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्य मंत्री डा. संजीव बाल्यान ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की अध्यक्षता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न परियोजनाओं का दौरा किया। कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह ने एग्रोवेस्ट बॉयोगैस प्लांट की सराहना की, जिसमें गोबर के साथ-साथ पराली, गेहूं के फाने, कपास की लकड़ियां, बॉयो या डेयरी वेस्ट, पिगरी और पोल्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों और सूखे पत्तों से सी.एन.जी. बॉयोगैस बनेगी। इससे ट्रैक्टर और गाड़ियां में ईंधन के तौर पर प्रयोग किया जाएगा। इस प्लांट के लिए किसान खराब वैजिटेबल, वेस्ट, खराब अनाज, ओले गिरने के बाद खराब हुई फसल जो बिकती नहीं, उन सभी को बेच पाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस तकनीक को पेटेंट करवाने के लिए भेजा है। इस दौरान मंत्रियों द्वारा जैविक बाग में जैविक फलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर विभिन्न फलों के पौधारोपण का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा मंत्रियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एच.ए.यू. मार्ट में भी दौरा किया।



पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह और पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्यमंत्री डा. संजीव बाल्यान व कुलपति प्रो. के.पी. सिंह विश्वविद्यालय का दौरा करते हुए।

### विदेशी विद्यार्थियों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह और पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्यमंत्री डा. संजीव बाल्यान व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने हकृवि में आए विदेशी विद्यार्थियों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। ज्ञात रहे कि यहां 21 देशों अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बोत्सवाना, लाइबेरिया, तंजानिया, मॉरीशस, नेपाल, वियतनाम, तजाकिस्तान, सोमालिया, नाइजारिया, भूटान, सूडान, फिजी, मंगोलिया, इथोपिया, मोजांबिक के छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......
दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....5-7....

# ऐसा सीमन तैयार किया जा रहा जिससे सिर्फ बछड़ी पैदा होंगी : गिरिराज सिंह

जागरण संवाददाता, हिसार : केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने को ऐसा सीमन देश में तैयार किया जा रहा है जिससे सिर्फ बछड़ियां व कटड़ियां ही पैदा होंगी। वे शुक्रवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फैकल्टी हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने यहां चल रहे शोध कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि भारत में किसानों की जमीन कम होती जा रही है। वर्ष 2018-19 में भारत में गेहूं और चावल से चार लाख करोड़ प्रतिवर्ष किसानों को आमदनी हुई तो वहीं दूध से किसानों की छह लाख करोड़ प्रति वर्ष की आमदनी हुई है। ऐसे में किसानों को किस तरफ आगे बढ़ना चाहिए यह साफ है। उन्होंने कहा कि पहले फेज में एक करोड़ डोज तैयार की जाएंगी जिससे 30 लाख बछड़ियां पैदा होंगी। 2025 तक इसका लक्ष्य रखा गया है। इससे करीब 10 लाख करोड़ प्रतिवर्ष तक की आमदनी दूध से हो सकेगी।



केंद्रीय कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीयराज्य मंत्री डा. संजीव बाल्यान, एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह पत्रकारों से बातचीत करते हुए। जागरण

### मछली उत्पादन को देंगे बढ़ावा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा सहित उत्तर भारत के राज्यों में झींगा मछली उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए बड़े स्तर पर काम किया जाएगा। झींगा मछलियों के बीजों को विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 47 हजार मछलियों का आयात किया जा रहा है।

### एचएयू में फिर लौटी हरियाली

एचएयू के पूर्व छात्र व केंद्रीय राज्य मंत्री डा. संजीव बाल्यान ने कहा कि वे 1989-90 में एचएयू में पढ़ते थे तब यहां काफी हरियाली थी, अब भी यहां पहले जैसी हरियाली है। इस मौके पर प्रो केपी सिंह ने बताया कि हकृवि अपने शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने की ओर अग्रसर है और इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रुचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हरि.भूमि........

दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. ...14... कॉलम ...6-8...

# विदेशी विद्यार्थियों ने मंत्री को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। विदेशी विद्यार्थियों से राखी बंधवाते केबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह, राज्यमंत्री डॉ. संजीव बाल्यान व कुलपति प्रो. केपी सिंह। फोटो : हरिभूमि

हकृवि में विदेशी विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में आए मंत्रियों पशुपालन, डेयरी और मत्सय पालन कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह और पशुपालन, डेयरी और मत्सय पालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान व विवि कुलपति प्रो. केपी. सिंह को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया।

प्रो. केपी सिंह ने बताया कि हकृवि में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शिक्षण एवं शोध कार्य कर रहा है इसलिए यह विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों की पहली पसंद है। यहां पर 21 देशों जिनमें अफगानीस्तान, श्रीलंका, मयांमार, बोतसवाना, लाइबेरिया, तनजानिया, मारीशस, नेपाल, वियतनाम, तजाकिस्मतान, सोमालिया, नाइजारिया, भूटान, सूडान, फिजी, मंगोलिया, इथोपिया, मोजांबिक आदि शामिल हैं, के छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन छात्रों को समय-समय पर भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों व उत्सवों में भागीदार बनाया जाता है। इसी कड़ी में यह रक्षाबंधन मनाया गया था।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. ....1.... कॉलम ....3-7....

## केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री गिरिराज सिंह से मदद के लिए मिले गोशाला संचालक



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाते एचएयू में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थी। अमर उजाला

## विदेशी विद्यार्थियों ने केंद्रीय मंत्रियों और कुलपति को राखी बांधकर मनाया रक्षा बंधन, दी बधाई

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विदेशी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में आए कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह, राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। कुलपति ने इस दौरान कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर का शिक्षण एवं शोध कार्य कर रहा है, इसलिए यह विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों की पहली पसंद है। यहां पर 21 देशों, जिनमें अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बोत्सवाना, लाइबेरिया, तंजानिया, मॉरीशस, नेपाल, वियतनाम, सोमालिया, नाइजीरिया, भूटान, सूडान, फिजी, मंगोलिया, इथोपिया, मोजांबिक आदि के छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन छात्रों को समय-समय पर भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों व उत्सवों में भागीदार बनाया जाता है। इसी कड़ी में यह रक्षाबंधन मनाया गया था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....6-8....

# एचएयू में स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया

माई सिटी रिपोर्टर




कृषि विवि में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। अमर उजाला

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 73वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने प्राणों की आहूति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से सराबोर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कैंपस स्कूल के कंट्रोलिंग ऑफिसर डॉ. एसके ठकराल, कैंपस स्कूल प्राचार्य सोमा सेखरा सर्मा, कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. संजेश, कुलसचिव, डॉ. बीआर कंबोज व उनकी धर्मपत्नी, सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस मौके पर कुलपति ने स्कूल प्रांगण में पौधा रोपकर वनमहोत्सव का भी शुभारंभ किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हरि-भूमि........
दिनांक 17.8.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 5-6

# हकृवि में मनाया स्वतंत्रता दिवस



हिसार। हकृवि में 73वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर कुलपति ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा उनके बलिदानों की बदौलत हम आज सकून से जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस बार स्वतंत्रता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि अनु छेद 370 व 35ए हटने से जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश में सिर्फ तिरंगा ही लहरायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से सराबोर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने समूहगान, कविता, लघु नाटिका व समूह नृत्य के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। इससे पूर्व कैम्पस स्कूल के कंट्रोलिंग ऑफिसर डॉ. एसके ठकराल ने समारोह में उपस्थित हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. संजेश, कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण........

दिनांक ...17.8.2019... पृष्ठ सं. ...4,18... कॉलम ...4-5, 4-6...

## एचएयू में बच्चों ने 73वें स्वतंत्रता दिवस पर दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति




हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 73वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। कुलपति ने स्कूल प्रांगण में पौधा रोपित कर वनमहोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. संजेश, कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज व उनकी धर्मपत्नी, सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एचएयू में धूमधाम से मनाया आजादी का पर्व

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 73वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ध्वजारोहण किया और विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी। इस मौके पर हुए कुलपति ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इससे पूर्व कैंपस स्कूल के कंट्रोलिंग ऑफिसर डॉ. एसके ठकराल ने समारोह में उपस्थित हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी डा. संजेश, कुलसचिव डा. बीआर कंबोज व उनकी धर्मपत्नी, सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



हकृवि में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। • जागरण

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
### लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........पाठक पक्ष........

दिनांक 16.8.2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....6-7....

# कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने किया ध्वजारोहण



हिसार, 16 अगस्त (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 73वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....सिटी पल्स....
दिनांक 16.8.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....7-8....

# हकृवि में कुलपति केपी सिंह ने किया ध्वजारोहण



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी। कुलपति ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा उनके बलिदानों की बदौलत हम आज सकून से जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमें इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित को सर्वोपरि मानते हुए इसकी उन्नति और विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करना चाहिए। सहयोग दें और उन्हें शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें राष्ट्र भावना जगाने का भी कार्य करें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से सराबोर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. संजेश, कुलसचिव डॉ. बी.आर. कंबोज व उनकी धर्मपत्नी, सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।